खाद-बीज से लेकर मिठाई और दवा दुकानों तक नियमित जांच के निर्देश

राशन वितरण में गड़बड़ी और खाद्य पदार्थों में मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा औषधि प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों और आम नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की फसलों का सुचारू उपार्जन सुनिश्चित करने के साथ खाद-बीज की उपलब्धता बनाए रखने और दुकानों की नियमित जांच करने को कहा।



खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का करें निरीक्षणः कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुसार खाद का पर्याप्त भंडारण और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद और बीज की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि किसानों को बुवाई और फसल उत्पादन के दौरान परेशानी न हो।

उन्होंने खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों का नियमित निरीक्षण कर कृषि सामग्री की गुणवत्ता जांचने को कहा। अमानक सामग्री मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

कम वर्षा में कम पानी वाली फसलों को दें बढ़ावाः औसत से कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने किसानों को कम पानी में उत्पादित होने वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने फसल विविधीकरण के लाभों की जानकारी देने और उपलब्ध जल संसाधनों के अनुसार फसलों का चयन करने में किसानों का मार्गदर्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों से किसानों के सतत संपर्क में रहने और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, उपयोगी कृषि पद्धतियों तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देने को कहा। किसानों की समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

त्योहारों में मिठाई और खाद्य पदार्थों की जांचः आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा विभाग को मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा नमूने लेकर उनकी जांच कराने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट या अन्य अनियमितता मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके।

दवा दुकानों और राशन वितरण पर नजरः कलेक्टर ने औषधि निरीक्षक को दवा दुकानों का नियमित निरीक्षण कर दवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और नियमों के पालन की जांच करने के निर्देश दिए। वहीं, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को पात्र हितग्राहियों तक राशन का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने उचित मूल्य दुकानों की लगातार जांच करने और राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीए केके उपाध्याय, सहायक आयुक्त सहकारिता सुधीर केथवास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रिंसटन कॉलेज में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

बरेली। प्रिंसटन कॉलेज में 15 अक्टूबर तक तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें भोपाल से आए नायाब हुसैन की टीम शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन और विद्यार्थियों से बेहतर संवाद के तरीकों का प्रशिक्षण दे रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों के शिक्षण कौशल का विकास, विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझने और कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया जा रहा है, ताकि वे इनका उपयोग कक्षा में कर सकें। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने, उनके साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और सीखने की प्रक्रिया को सरल एवं रुचिकर बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन की इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप दक्ष बनाना और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है।

सिंहस्थ-2028 के लिए बन रहे इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का कमिश्नर-कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सिंहस्थ-2028 महापर्व की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा द्वारा बनाए जा रहे आंतरिक मार्गों, प्रमुख मंदिरों से वाले मार्गों तथा इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के निर्माण कार्यों का मंगलवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण सभी आंतरिक मार्गों एवं प्रमुख मंदिरों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों और कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि बारिश का दौर समाप्त हो चुका है, इसलिए उपलब्ध समय का बेहतर उपयोग करते हुए सभी निर्माण कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

संभागायुक्त और कलेक्टर ने कार्तिक मेला ग्राउंड के सामने उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। संभागायुक्त सिंह ने मौके पर प्रोजेक्ट की ड्राइंग का अवलोकन कर निर्माण कार्य प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

उन्होंने सोमवारिया से पिपलीनाका तक निर्माणाधीन मार्ग निर्माण के दौरान आने वाले सीवर चेंबर के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय के अभाव में निर्माण कार्य प्रभावित नही होना चाहिए।

इसके बाद अधिकारियों ने गढ़कालिका माता मंदिर से पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल तक लगभग 400 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य, गढ़कालिका माता मंदिर से भर्तृहरि गुफा तक सड़क निर्माण कार्य तथा गढ़कालिका माता मंदिर से ओखलेश्वर तक नवीन मार्ग निर्माण कार्य का अवलोकन किया। संभागायुक्त ने प्रमुख मंदिरों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए पार्किंग एवं आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अगले वर्ष तक सभी महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्यः कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ-2028 के लिए जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से महत्वपूर्ण विकास एवं निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आगामी वर्ष तक सभी महत्वपूर्ण कार्य हर हाल में पूर्ण किए जाने हैं। इसी क्रम में उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और स्थल निरीक्षण किया जा रहा है।

ट्रांसफार्मर चोरी के बाद तीन साल से बंद सबस्टेशन

बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर धरना



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः रायसेन जिले के ग्राम जमुनिया खेजड़ा का 33/11 केवी बिजली सबस्टेशन पावर ट्रांसफार्मर (पीटीआर) चोरी होने के बाद से पिछले तीन साल से बंद पड़ा है। सबस्टेशन चालू नहीं होने से बिजली संबंधी परेशानियों का सामना कर रहे ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर धरना देकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से नया ट्रांसफार्मर लगाकर सबस्टेशन जल्द शुरू कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि सबस्टेशन बंद होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। इसका असर खेती-किसानी, पानी की आपूर्ति और अन्य जरूरी कामों पर पड़ रहा है। लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

धरने के दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बिजली विभाग को नया पावर ट्रांसफार्मर लगाने और बंद सबस्टेशन को जल्द चालू कराने के निर्देश देने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद से अब तक सबस्टेशन की व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को समस्या के निराकरण का भरोसा दिया गया है।

विशाल कन्या पूजन में शामिल होंगी महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया

गंजबासौदा। सेवा भारती नगर द्वारा नवरात्र के अवसर पर आज आदित्य परिसर में विशाल कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य नवरात्र के शक्ति जागरण पर्व का संदेश सेवा बस्तियों तक पहुंचाना और समाज में समरसता की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि सभी लोग राष्ट्रोत्थान में भागीदारी निभा सकें।

सेवा भारती के जिलाध्यक्ष राजेश माथुर के अनुसार, कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंशलेखा रोहित भावसार और जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेंद्र रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, कन्या पूजन के माध्यम से नवरात्र में शक्ति स्वरूपा कन्याओं के सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा।

जिला गंगा समिति की बैठक में नदी संरक्षण-जल संवर्धन की प्रगति की समीक्षा



विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न जिला गंगा समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नदी संरक्षण, जल गुणवत्ता सुधार, अतिक्रमण नियंत्रण, वनीकरण तथा जन-भागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नदियों के मानचित्रण, वाटरशेड एवं भौतिक सत्यापन के संबंध में तैयार किए गए मानचित्रों का अवलोकन किया गया। साथ ही वाटरशेड विकास एवं मृदा नमी संरक्षण कार्यों को गति देने, नदियों में मिलने वाले गंदे नालों की पहचान तथा नदी किनारों पर होने वाले कटाव की विस्तृत जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नदी जल गुणवत्ता एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए बेतवा नदी के जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रतिमाह सैंपलिंग, छोटे नालों की पहचान तथा नगर पालिका के सहयोग से पम्प हाउस के पानी को चार विभिन्न स्थानों पर टैप करने की प्रगति का आकलन किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत थैला वितरित कर किया जागरूक

गंजबासौदा। नगर पालिका परिषद गंजबासौदा की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रतनबाई स्कूल और नवीन बस स्टैंड पर थैला वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नागरिकों को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने और कपड़े के थैलों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा ने उपस्थित लोगों को पॉलिथीन मुक्त गंजबासौदा बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े का थैला लेकर जाएं और पॉलिथीन के स्थान पर उसका उपयोग करें।

जनसुनवाई में आवास, राशनकार्ड, आधार और आर्थिक सहायता सहित विभिन्न प्रकरणों पर हुई कार्यवाही



नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला मुख्यालय पर आयोजित संपन्न जनसुनवाई में सीधे आवेदकों के बीच जाकर एक-एक आवेदक से संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याएं हल कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवास, बिजली, सीमांकन, राशन कार्ड, आधार और आर्थिक सहायता सहित विभिन्न प्रकरणों पर कार्यवाही हुई। उन्होंने 150 से अधिक आवेदनों की सुनवाई की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसुनवाई परिसर में विशेष स्वास्थ्य जांच काउंटर स्थापित किया गया जहां लोगों की बीपी, शुगर सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य नि:शुल्क जांचें कर आवश्यकता अनुसार दवाओं का भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

शारदीय नवरात्र पर बरेली में भक्ति की बयार

बरेली। शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा की आराधना में लीन श्रद्धालुओं के कारण पूरा नगर भक्तिमय नजर आ रहा है। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों खेड़ापति मंदिर, शक्तिधाम देवी मंदिर और काली मंदिर में माता के दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में पूजा-अर्चना और आरती के दौरान माता के जयकारे गूंज रहे हैं। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह से नगर में पर्व की रौनक बढ़ गई है।

Government Women's Polytechnic College
Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)
Phone: 0755-2576839,Fax: 0755-257684
Email.prinwpoly.bpl@mp.gov.in, Website:www.gwpbpl.ac.in
Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal
Excellence in Technical Education for Women Empowerment

क्रमांक/शामपॉमभो/स्टोर/2026/1790 भोपाल, दिनांक: 13/10/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय महिला पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर क्रय हेतु निविदा जारी की गई है। संस्था द्वारा जारी निविदा में सम्मिलित होने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रक्रिया के अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है। निविदा क्रमांक GEM/2026/B/8143970 जारी करने की तिथि 10/10/2026 अंतिम तिथि 31/10/2026

PRINCIPAL
Govt Women's Polytechnic College
Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.)
जी-19983/26

कार्यालय तहसीलदार, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक : 7730/रीडर/आबंटन/2026 दिनांक : 08.10.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के प्रचलित नियमों/दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, जिला-भोपाल, तहसील हुजूर के अंतर्गत **ग्राम-टीलाखेड़ी** की शासकीय भूमि को पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मार्ग मय पेव्हड शोल्डर परियोजना हेतु आबंटित किए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

भूमि का विवरण :

क्र.	गांव का नाम	भूमि स्वामी का नाम	खसरा क्रमांक	कुल रकबा (हेक्टे. में)	अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में)	भूमि का प्रकार	भूमि की प्रकृति
1.	टीलाखेड़ी	शासकीय	745	0.3500	0.0150	शासकीय	चरागाह
2.	टीलाखेड़ी	शासकीय	746	2.1500	0.1885	शासकीय	चरागाह
3.	टीलाखेड़ी	शासकीय	747	0.4200	0.0707	शासकीय	नाला
4.	टीलाखेड़ी	शासकीय	439	0.9200	0.1660	शासकीय	रास्ता
5.	टीलाखेड़ी	शासकीय	719	0.2000	0.0882	शासकीय	काबिल कास्त
		कुल योग		4.0400	0.5284		

उपरोक्त शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या ग्रामवासियों को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, तो वे इस सार्वजनिक सूचना के **प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर** अपने लिखित दावे/आपत्तियां साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत समयावधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों या दावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और यह मान लिया जाएगा कि उक्त भूमि आबंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदुपरांत आबंटन की अग्रिम कार्रवाई शासन के नियमानुसार की जावेगी।

यह सार्वजनिक सूचना आज **दिनांक 08.10.2026 को** मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी की गई।

कार्यालयीन पदमुद्रा

हस्ता./- तहसीलदार
तहसील-हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/128544/2026

जाहिर सूचना

आवासीय व्यपवर्तित भूमि खसरा क्रं 165/1/18/1 ग्राम बडवाई तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती मंजीत कौर पत्नि स्व. मनमोहन सिंह निवासी-म.नं. 3/7 जज कालोनी, ईदगाह हिल्स, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व का आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 0.0557 हे. अर्थात 6000 वर्गफिट जो कि भूमि खसरा क्रं 165/1/18/1 का अंशभाग स्थित ग्राम बडवाई, प.ह.नं. बडवाई, तहसील हुजूर जिला भोपाल में है, को क्रय करने के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता को अग्रिम टोकन बयाना राशि का भुगतान कर दिया एवम जिसके उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना शेष है यदि उपरोक्त भूखण्ड/भवन के संबंध में या उसके किसी भाग के संबंध में किसी भी शासकीय, अशासकीय, अथवा अर्धशासकीय वित्तीय संस्था, बैंक व समिति अथवा किसी व्यक्ति को आपत्ति हो या किसी व्यक्ति का कोई हित निहित हो या किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन हो तो वह आज दिनांक को प्रकाशित इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन की अवधि में प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा उक्त समय अवधि पूर्ण होने के बाद मेरा पक्षकार शेष विक्रय राशि का भुगतान कर उक्त संपत्ति का विक्रय पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिए स्वतंत्र होगा और उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सैयद दानिश हसन,एडवोकेट
पता-7बी फस्ट फ्लोर वेरोनिका खुशी हाईट्स, राजाभोज आवासीय योजना सेक्टर ए ग्राम गोंदरमऊ फेस-2 भोपाल म.प्र. 462036
मो.नं. 7000528396,8269528396

1938

आम सूचना में आपत्ति

अधिवक्ता श्री एच सुरेश चौधरी एम 02 लिबर्टी चेम्बर, प्लाट नंबर-18 जोन-1, ज्योति टॉकीज चौराहा, एम.पी. नगर भोपाल द्वारा दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 08.10.2026 को ग्राम गोंदरमऊ की भूमि के संबंध में प्रकाशित कराई गई आम सूचना में आपत्ति।

आपके द्वारा दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 08.10.2026 में उल्लेख किया है कि आपके पक्षकार द्वारा ग्राम गोंदरमऊ तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि जो कि जूजर आदमली धोरजीवाला पिता श्री आदमली दावूद धोरजीवाला के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की अव्यपवर्तित एवं अविकसित भूमि खसरा क्रमांक-11/2/3/1 (एस) रकबा 0.2772 हे., खसरा क्रमांक-11/2/1/1 (एस) रकबा 0.2772 हे., खसरा क्रमांक-11/2/2/2/1 (एस) रकबा 0.1272 हे., इस प्रकार कुल भूमि 0.6816 हेक्टेयर अर्थात 1.683 एकड़ जिसकी चौहद्दी पूर्व में खसरा क्रमांक-11/2/2/1 की भूमि, पश्चिम में खसरा क्रमांक-11/1/2 एवं 10 की भूमि, उत्तर में राष्ट्रीय राजमार्ग, दक्षिण में खसरा क्रमांक-20 एवं 17 है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर लिया गया है। इस हेतु आम सूचना प्रकाशित की गई है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार प्रो. बालाजी इंटरनेशनल ट्रेडर्स द्वारा राजेश गुप्ता आ. स्व. श्री बाबूलाल गुप्ता एवं श्रीमती अल्का गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता दोनों निवासीगण-07 अनेकांत नगर लिलि टाकिज जहांगीराबाद भोपाल द्वारा श्री जूजर आदमली धोरजीवाला के उक्त ख.न.-11/2/2/2/1 एवं 11/2/1/1 की बटान त्रुटिपूर्ण अधिक रकबे का करा लेने से मेरे पक्षकार का हित प्रभावित हुआ है साथ ही श्री जूजर आदमली द्वारा उनके विक्रय पत्र से भिन्न बटान स्वीकृत करा लिया है के कारण उक्त बटान प्र.क्र. -14/अ-3/24-25 एवं 13/अ-3/24-25 के विरूद्ध अपील माननीय अनुविभागीय अधिकारी संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ में प्रस्तुत की गई थी। जिसका अपील प्र.क्र.-92/अपील/2024-25 एवं प्र.क्र.-93/अपील/2024-25 है में आदेश दिनांक 01.10.2026 के द्वारा उक्त दोनों अपीले में माननीय अनुविभागीय अधिकारी संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ के द्वारा निर्विवाद रूप से यह सत्य पाया कि ग्राम गोंदरमऊ स्थित भूमि का भू-अर्जन क्रमांक 0003/अ-82/2007-08 का भू-अर्जन हुआ है एवं उक्त भू-अर्जित भूमि का राजस्व नक्शे में अमल नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में भू-अर्जित रकबे का राजस्व अभिलेख में इन्द्राज कराए जाने के उपरान्त एवं भूमि की कमी बेशी संबंधी स्पष्ट प्रतिवेदन लिये जाने के पश्चात ही बटान प्रस्ताव को स्वीकार किया जाना था जो अधीनस्थ न्यायालय द्वारा नहीं किया गया है ऐसी स्थिति में अधीनस्थ न्यायालय द्वारा राजस्व प्र.क्र. -14/अ-3/24-25 एवं 13/अ-3/24-25 में पारित आदेश दिनांक 23.10.2024 स्थिर रखे जाने योग्य नहीं है। अतः उक्त प्रकरण में कार्यवाही विचाराधीन है। इस प्रकार बटान प्रकरण विचाराधीन होने से उक्त आपत्तिग्रस्त ख.न.-11/2/2/2/1 एवं 11/2/1/1 का आपके पक्षकार द्वारा विवादित भूमि को क्रय किया जाना विधि विरूद्ध है। जिससे भविष्य में वाद बहुलता बढ़ने की सम्भावना है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से आपको सूचित किया जाता है कि आपका पक्षकार उक्त विवादित भूमि को उक्त प्रकरणों के लंबित रहते हुए किसी प्रकार का सौदा, अनुबंध एवं क्रय-विक्रय के संबंध में संव्यवहार ना करे। अन्यथा समस्त प्रकार के हर्जे खर्चे एवं न्यायालयीन कार्यवाही में होने वाले व्यय की जिम्मेदारी आपके पक्षकार की होगी। अतः सूचित हो।

NARENDRA KUMAR JOSHI,
Advocate
Off. Add.L-22 Kamdhenu Tower
E-2/21Near BJP Office Arera
Colony (M.P.) Mob. No. 9826385722

1937

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक 420 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अब्दुल वहीद खाँ आत्मज श्री हमीद खाँ के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 1875-76 दिनांक 24/8/1979 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05/05/1988 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अब्दुल वहीद खॉ आत्मज श्री हमीद खाँ (नाना जी) की दिनांक 12/03/1995 को मृत्यु होने के उपरांत उनके नाती श्री आदिल खान आत्मज श्री अय्युब खान के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री आदिल खान आत्मज श्री अय्युब खान के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

1936

कार्यालय प्रशासक चन्द्रिका गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक डी.आर.बी.-477, दिनांक 11.02.1986)
कैम्प कार्यालय-कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता (डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय) जिला भोपाल

संस्था के सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन संपन्न होना है। नियमानुसार सदस्यों के आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर सूची में अंकित किये जाना है। आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर अंकित नहीं होने की दशा में निर्वाचन संपन्न की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो पा रही है। अतः आप अपना मोबाइल नम्बर एवं आधार नम्बर दिनांक 30-10-2026 तक संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा को संस्था कार्यालय में समय दोपहर 3:00 बजे से 06:00 बजे तक एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता को कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, जिला भोपाल डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में दोपहर 02.00 बजे से 05.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है, जिससे संस्था की सूची को अंतिम रूप दिया जाकर निर्वाचन प्राधिकारी को सूची प्रस्तुत की जा सके।

(रश्मि चंदानी)
प्रशासक
चन्द्रिका गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

1935

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, वत्तृ 0.3 रतनपुर सड़क तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.

क्रं./रा.नि./2026 भोपाल, दि.10/10/2026
ग्राम- रतनपुर सड़क
आवेदन क्र. 0009308-APP-29974455

सूचना-पत्र

प्रति,1. श्रीमती संध्या शर्मा पत्नी श्री भरत कुमार शर्मा । निवासी भोपाल 2 . श्रीमती लता जैन पत्नी धन कुमार जैन विनित जैन एवं अन्य निवासी भोपाल। 3 लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश (एनए) 4 श्री कु श हरवानी पिता श्री मुरली हरवानी नि. भोपाल 5. श्री मनोहर हरवानी पिता श्याम सुंदर हरवानी नि. भोपाल 6. श्री अक्षय हरवानी आ. मनोहर हरवानी निवासी भोपाल 8. सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोषीगण आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-/अ-12/2026-27 में आवेदिका श्रीमती संध्या शर्मा पत्नी श्री भरत कुमार शर्मा निवासी भोपाल द्वार ग्राम रतनपुर सड़क प.ह.नं. रा.नि.मं-03 रतनपुर सड़क तहसील कोलार,जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 610/1 रकबा 0.1930 हेक्टयर कुल रकबा 0.1930.हे हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना-पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 15/10/2026 को 10:30AM स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया पडोसी का पता स्पष्ट न होने पर आवेदक स्वंय पर उक्त दैनिक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन करा सकता है। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

राजस्व-निरीक्षक
तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)

1934

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. मिसरोद तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र

रा.प्र.क. 0443अ/-12/2026-27
ग्राम नाम मिसरोद
रा.प्र. क्र.0447/अ-12/2026-27
0228 RD07-APP-29868243

सूचना-पत्र

प्रति, 2 श्रीमती सीमा सक्सेना पत्नी श्री आर. व्ही. सक्सेना निवासी बहीतरा अपार्टमेन्ट ई.-5 अरेरा कालोनी भोपाल 2. श्रीमती जगरूप कौर पत्नी श्री बलबीर सिंह नि. म.प्र. गोविन्द गार्डन 3. श्रीमती अनीता सिन्हा पत्नी श्री बी.के. सिन्हा नि. भोपाल। 4. श्रीमती सुरिन्दर कौर पत्नी श्री सुरजीत सिंह नि. भोपाल 10-सर्व साधारण को सूचना एवं अन्य पडोसीगण **विषय**:-सीमांकन किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा सक्सेना पत्नी श्री आर.व्ही. सक्सेना निवासी भोपाल एवं श्रीमती जगरूप कौर पत्नी बलवीर सिंह द्वारा ग्राम मिसरोद प.ह.नं. खसरा नंबर. क्रमांक 324/1/1/2/3 324/1/1/2/4 रकबा क्रमांक 0.0400हे. 0.0400हे. हेक्टर भूमि कुल रकबा 0.08 हेक्टयर भूमि का सीमाकंन हेतू आवेदक पत्र प्रस्तूत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमाकंन मेरे द्वारा दिनांक 15/10/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एव अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नही जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नही होगी । अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का स्थानीय दैनिक समाचार पत्र मे कराया जा सकता है। आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व-निरीक्षक
तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)

1933

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)

प्रकरण कमांक /अ-12/2026-27
ग्राम का नामः गेंहूखेडा
प.ह.नं. 10 तहसील कोलार, जिला भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति, 01. श्री अनिल राजदेव पिता जी.एस. राज देव, खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.। 02. श्री प्रदीप शाह पुत्र श्री प्रताप सिंह शाह, खातेदार ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.। 03. श्री प्रियंक गगरानी पुत्र श्री कमलेश गंगरानी, निवासी-सुदामा नगर इन्द्रौर मध्यप्रदेश। 04. श्री सरजू पत्नी श्री दयाल सिंह बघेल, निवासी-ग्राम-नयापुरा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.। 05. श्रीमति नीता पत्नि श्री उमाशंकर दुबे एवं श्री उमाशंकर पिता श्री रामस्वरूप दुबे, खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. ।06. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण। -एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति नसरीन जीनत हन्फी पत्नी स्व. श्री अब्दुल बारी हन्फी एवं श्री गीत हन्फी, श्री समीत हन्फी आ. स्व. श्री अब्दुल बारी हन्फी निवासी-डी-57, बी डी ए कालोनी कोहेफिजा जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम गेंहूखेडा प.ह.नं. 10 तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 201 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.0400 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 22.10.2026 को समय प्रातः 11:30 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 13.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व-निरीक्षक
रा.नि.मं. बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल

1932

कार्यालय तहसीलदार, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक : 7737/रीडर/आबंटन/2026 दिनांक : 08.10.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के प्रचलित नियमों/दिशा-निर्देशों के अंतर्गत, जिला-भोपाल, तहसील हुजूर के अंतर्गत **ग्राम-भानपुर केकड़िया** की शासकीय भूमि को पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मार्ग मय पेव्हड शोल्डर परियोजना हेतु आबंटित किए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

भूमि का विवरण :

क्र.	गांव का नाम	भूमि स्वामी का नाम	खसरा क्रमांक	कुल रकबा (हेक्टे. में)	अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में)	भूमि का प्रकार	भूमि की प्रकृति
1.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	645	0.1800	0.0826	शासकीय	रास्ता
2.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	571	0.6500	0.0645	शासकीय	रास्ता
3.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	567	0.0300	0.0300	शासकीय	काबिल कास्त
4.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	579	0.1500	0.0078	शासकीय	रास्ता
5.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	485	0.1300	0.1285	शासकीय	रास्ता
6.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	488	0.2800	0.2310	शासकीय	नाला
7.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	478	1.4500	0.1055	शासकीय	नाला
8.	भानपुर केकड़िया	शासकीय	497	1.5000	0.1125	शासकीय	सड़क
		कुल योग		4.3700	0.7624		

उपरोक्त शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या ग्रामवासियों को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, तो वे इस सार्वजनिक सूचना के **प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर** अपने लिखित दावे/आपत्तियां साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत समयावधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों या दावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और यह मान लिया जाएगा कि उक्त भूमि आबंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदुपरांत आबंटन की अग्रिम कार्रवाई शासन के नियमानुसार की जावेगी।

यह सार्वजनिक सूचना आज **दिनांक 08.10.2026 को** मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी की गई।

कार्यालयीन पदमुद्रा

हस्ता./- तहसीलदार
तहसील-हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/128552/2026